कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर में दायर एस.बी. सिविल याचिका संख्या 14870/2018 ओमप्रकाश रैगर, प्रधानाचार्य बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 19.07.2018 द्वारा याचिकार्थी श्री ओमप्रकाश रैगर को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करने और सक्षम अधिकारी द्वारा उपर्युक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने की स्थिति में उसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश प्रसारित करते हुए निस्तारित किये जाने सम्बन्धी आदेश प्रदान किये गए।

याचिकार्थी श्री ओमप्रकाश रैगर, प्रधानाचार्य को विभागीय आदेश क्रमांक शिविरा–मा/संस्था/बी–2/45002/प्रधाना./स्था./2018 दिनांक 24.05.2018 द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलमण्डी जिला भीलवाड़ा से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुकुनपुरिया जिला भीलवाड़ा स्थानान्तरित किया गया था जिसके विरूद्ध उक्त एस.बी.सिविल याचिका दायर की गई। याचिकार्थी द्वारा अभ्यावेदन में स्वयं को गृह जिले जयपुर या आस–पास समायोजित किये जाने की मांग की गई।

याचिकार्थी के अभ्यावेदन का राज्य सरकार एवं विभाग के दिशा–निर्देशों/नियमों/परिपत्रों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण किया गया एवं उनकी मांग पर विचार किया गया। याचिकार्थी श्री ओमप्रकाश रैगर को स्वयं की प्रार्थना पर विभागीय आदेश दिनांक 04.01.2021 द्वारा राउमावि कालूवास जिला दौसा स्थानान्तरित किया जाकर वांछित अनुतोष प्रदान किया जा चुका है। सम्बन्धित सूचित हो।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/एसबीसिया/ओमप्रकाश/14870/18 दिनांकः 13.02.2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, अजमेर/जयपुर संभाग, अजमेर/जयपुर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, भीलवाड़ा/दौसा।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक भीलवाड़ा/दौसा।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. ओमप्रकाश रैगर, प्रधानाचार्य राउमावि कालूवास, दौसा।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)